## यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच अनिवार्य, फर्जी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता के अभिप्रमाणन के लिए निर्देश जारी किए हैं। तत?संबंध में कलेक?टर सुश्री सोनिया मीना ने समस?त जिला प्रमुख नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि जिले में शासन की योजनाओं का लाभ देने से पहले दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता का सत्यापन अनिवार्य होगा। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा और लाभ वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ लेने पर दि०?यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 द्वारा कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें धारा 89 अनुसार प्रथम उल?लंघन पर 10 हजार रुपये तक का दंड और पुनरावृत्ति पर 50 हजार से 5 लाख रुपये तक का दंड शामिल है। इसके अलावा, धारा 91 फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ प्राप्त करने वाले को 2 वर्ष तक का कारावास या 1 लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।




# अब तक 7760 बालिकाओं को लगा निशुल्क टीका

## कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में संचालित है एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

जिले की कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 फरवरी से संचालित सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले में कुल 7760 बालिकाओं ने एचपीवी टीका लगवाया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कराने वाली बालिकाएं अन्य बालिकाओं को भी प्रेरित कर रही हैं, जिससे अभियान को और गति मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग के जिला मीडिया प्रभारी श्री सुनील साहू ने बताया कि 31 मार्च तक जिले में कुल 279 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 7760 बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के मैदानी कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं सुनियोजित कार्ययोजना के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। विकासखंडवार प्रगति के अनुसार नर्मदापुरम में 739, इटारसी में 432, पिपरिया में 1003, बनखेड़ी में 1033, सोहागपुर में 1222, माखननगर में 1012, केसला में 743, सिवनी मालवा में 867 तथा डोलरिया में 709 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया है। 31 मार्च को आयोजित टीकाकरण सत्रों में कुल 588 बालिकाओं को टीका लगाया गया, जिसमें नर्मदापुरम में 33, इटारसी में 12, पिपरिया में 32, बनखेड़ी में 100, सोहागपुर में 146, माखननगर में 81, केसला में 39, सिवनी मालवा में 93 एवं डोलरिया में 52 बालिकाएं शामिल रहीं। जिले के जिला अस्पताल नर्मदापुरम, सिविल अस्पताल इटारसी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर, माखननगर, सुखतवा, सिवनी मालवा एवं डोलरिया में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र आयु वर्ग की बालिकाओं से अपील की है कि वे आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण का लाभ अवश्य लें।

# नगर परिषद बैठक में हंगामा : पार्षद बोले-काम नहीं, तो बजट क्यों ?:

## एक साल में नगर में कोई ठोस विकास कार्य नहीं, जो काम हुए, वो संतोषजनक नहीं, पार्षदों का आरोप

**यशवंत मेवाडे**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

नगर में सोमवार को नगर परिषद की बैठक उस समय गरमा गई जब पार्षदों ने नगर में विकास कार्य नहीं होने और हुए कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बजट पास करने से इनकार कर दिया। बैठक में विधायक हजारीलाल दांगी भी मौजूद रहे। दोपहर चार बजे शुरू हुई बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष राम जानकी मालाकार, उपाध्यक्ष शीतल शर्मा सहित 15 में से 13 पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में दो ही विषय रखे गए थे, नामांतरण प्रकरण और वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट। नामांतरण से जुड़े मामलों को नियम अनुसार सर्वसम्मति से स्वीकृति दे दी गई।

**9 पार्षद बोले विकास कार्य नहीं हुए**

लेकिन जब बजट का मुद्दा आया तो माहौल बदल गया। बैठक में मौजूद 13 में से 9 पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि पिछले एक साल में नगर में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है और जो काम हुए हैं उनकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है, ऐसे में बजट पास करने का औचित्य क्या है। पार्षद संदीप शर्मा ने विधायक हजारीलाल दांगी से कहा कि नगर परिषद में सिर्फ बैठकों का दौर चल रहा है,



लेकिन जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि सीएमओ को आए तीन महीने हो गए हैं, लेकिन सभी 15 वार्डों में बराबर काम शुरू कराने की बात अब तक पूरी नहीं हुई।

**वार्डो में नहीं हो रहे विकास ,परिषद में ताला लगा देना चाहिए , पार्षद गुप्ता**

वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद राधा गुप्ता ने भी अपने वार्ड में काम नहीं होने की बात उठाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर नगर में काम ही नहीं हो रहा है तो नगर परिषद कार्यालय पर ताला लगा देना चाहिए। इस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा ताला लगा दो, बैठक के दौरान पार्षद संदीप शर्मा ने यह भी सवाल उठाया कि बैठक में सिर्फ दो ही बिंदु क्यों रखे गए। इस पर सीएमओ देव नारायण दांगी ने बताया कि करीब 10 अन्य कार्यों को पीआईसी (परिषद की स्थायी समिति) की बैठक में रखा जाना है, जिसके लिए एक-दो दिन में अलग से बैठक होगी।




### सभी प्रस्ताव बैठक में रखे जाने चाहिए

इस पर पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब परिषद की बैठक हो रही है तो सभी प्रस्ताव इसी बैठक में रखे जाने चाहिए, अलग से पीआईसी बैठक की क्या आवश्यकता है। पार्षदों का कहना था कि परिषद सर्वोच्च है, इसलिए सभी महत्वपूर्ण निर्णय यहीं होने चाहिए। आखिर में 9 पार्षदों ने संयुक्त रूप से एक अस्वीकृति पत्र सीएमओ को सौंप दिया और बजट को मंजूरी देने से साफ इनकार कर दिया। सीएमओ देव नारायण दांगी ने पार्षदों को समझाने का प्रयास करते हुए कहा कि बिना बजट पास हुए नगर के विकास कार्य आगे नहीं बढ़ पाएंगे, लेकिन पार्षद अपने निर्णय पर अड़े रहे और बैठक बिना बजट पारित हुए समाप्त हो गई।




## सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने रायपाल के नाम सोपा ज्ञापन



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि को वापिस लेने, ईंधन गैस की पर्याप्त उपलब्धता करने एवं बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगाने , पेट्रोल डीजल की उपलब्धता निरंतर करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर द्वारा मंगलवार को रायपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित है उस पर सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राय की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि ईंधन गैस के लिए लोग घंटों धूप में लाइन में लगे रहते हैं जिससे आम आदमी की दिनभर की मजदूरी चली जाती है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर मनीष साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में भारी वृद्धि की जा रही है। जिससे हर वर्ग की मुसीबत बढ़ेगी। लगातार बिजली के दाम बढ़ने से लोग पहले से परेशान है । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल ने बताया कि अब फिर से बिजली के दाम बढ़ाये जा रहे हैं। बिजली कटौती भी एक समस्या बनी हुई है किसानों को बिजली नहीं मिल रही। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल ने बताया कि पेट्रोल डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता नही है। डीजल के कारण खेती किसानी और व्यापारिक कारोबार प्रभावित होता है। जिला एन एस यू आई के जिला अध्यक्ष ईशान राय ने मांग की कि 1 अप्रैल से रोजमर्रा की वस्तुओं एवं कई सेवाओं के दामों, शुल्कों की वृद्धि को रोका जाए।

## पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

# जुलूस को लेकर नरसिंहपुर पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

सामूहिक जवारा विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा व्यापक एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस टीमों द्वारा जुलूस मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से रखी जा रही नजर~ जवारा विसर्जन जुलूस के दौरान नगर के प्रमुख भवनों एवं चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि संपूर्ण क्षेत्र पर व्यापक नजर बनाए रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके साथ-साथ जुलूस के दौरान



कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रमुख चौराहों, मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस अधिकारी एवं जवान लगातार तैनात रहकर निगरानी कर रहे हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से भी जुलूस की गतिविधियों पर सतत नजर रखी जावेगी। यातायात सुगमता हेतु अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा तैनात~ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो समयानुसार यातायात को डायवर्ट करेगा, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस द्वारा शांति समिति के सदस्यों एवं आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। आसमाजिक तत्वों पर रखी जा रही विशेष नजरः इसके अतिरिक्त, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सतत चेकिंग की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**अपील**

नरसिंहपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें एवं जुलूस के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत BSW MSW विद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

म.प्र. जन अभियान परिषद सिवनी मालवा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत CMCLDP विद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन और जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। छात्रों ने रंगोली और चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को जल बचाने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक श्री कोशलेश तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और इस तरह की कार्यक्रम मे लोगों की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव जगाती हैं। विद्यार्थियों की कला समाज को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि व्यवहार में जल संरक्षण को अपनाना है। और अपने अपने प्रयोग शाला ग्राम में जल संरक्षण को लेकर घर घर ये संदेश पहुँचना है जल को बचाना है, दीवार लेखन,करने पर छात्रों को जानकारी दी। विकास खंड समन्वयक श्री हरि दास दायमा ने छात्रों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि गाँव और कस्बों में इस तरह की गतिविधियां जल संरक्षण को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य MSW Bsw के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है विद्यार्थी ही भविष्य के निर्माता हैं और उनका योगदान इस अभियान को सफल बनाने में अहम है। सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर परामर्शदाता रघुवीर मालवीय, सेवनदास लोवंशी, नेहा यादव, श्यामा रघुवंशी मौजूद रहे।



## साहिल सोनी का हुआ चयन

**नरसिंहपुर।** शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे अध्यनरत वॉलीबाल हॉस्टल के छात्र साहिल सोनी का चयन भारत के अंडर 19 वॉलीबॉल टीम के संभावित 24 खिलाडियों में हुआ। साहिल प्रशिक्षक मनीष कटारे एवं शाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में विगत चार पांच वर्षो से कड़ी मेहनत कर रहे थे विगतवर्ष वह इस उपलब्धि से चूक गए थे इस वर्ष उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की साहिल वॉलीबॉल खेल के शानदार लिब्रो है इस उपलब्धि उन्होंने नेहरु विद्यालय को गौरवान्वित किया। पिछले वर्ष भी साहिल को उत्कृष्ट खेल के लिए बंसल न्यूज़ का पँख पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है साहिल की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा ,ए.डीपीसी विपनेश जैन, जिला क्रीड़ा खेल एवं खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी सुनीता यादव, विद्यालय पूर्व प्राचार्य ए के चौबे, प्राचार्य प्रीति नेमा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, पी.टी.आई पंकज नेमा एवं समस्त विद्यालय ने शुभकामनाएं दी हैं।




## जाम नहीं, अब स्मार्ट रास्ता : संसदीय समिति में उठी शहरों की पुकार

# ट्रैफिक जाम से मुक्ति का रोडमैप — सांसद माया नारोलिया ने संसद में रखा स्मार्ट समाधान

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

संसद भवन परिसर स्थित एनेक्सी में आज शहरी विकास एवं आवासन संबंधी संसदीय स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें मध्यप्रदेश से रायसभा सांसद एवं समिति सदस्य माया नारोलिया ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक का मुख्य विषय था – स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से शहरी यातायात जाम की समस्या का समाधान। देश के तेजी से विस्तार लेते महानगरों और मध्यम श्रेणी के शहरों में यातायात की अव्यवस्था एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक समस्या बनती जा रही है, जिसके समाधान हेतु यह चर्चा अत्यंत सामयिक रही। सांसद नारोलिया ने बैठक में अपने सुझाव रखते हुए कहा कि ‹ढ्ढ आधारित ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली, रियल-टाइम निगरानी कैमरे और एकीकृत कमांड-कंट्रोल सेंटर के माध्यम से शहरों में यातायात प्रवाह को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीक का उपयोग केवल महानगरों तक सीमित न रहे, बल्कि मध्यप्रदेश जैसे रायों के टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी इसका विस्तार हो। उन्होंने यह भी सुझाया कि पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के लिए समर्पित लेन, मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाओं का विकास और सार्वजनिक परिवहन को स्मार्ट तकनीक से जोड़ना – ये तीन कदम शहरी भीड़भाड़ को उल्लेखनीय रूप से कम कर सकते हैं। श्रीमती नारोलिया ने कहा, ÷जब एक आम नागरिक प्रतिदिन घंटों ट्रैफिक में गंवाता है, तो यह केवल समय की बर्बादी नहीं – यह उसकी उत्पादकता, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर सीधा प्रहार है। समिति में इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई और सदस्यों ने केंद्र सरकार से स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत ट्रैफिक प्रबंधन को प्राथमिकता देने की अनुशंसा किए जाने पर सहमति जताई।




## पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, मारपीट एवं महिला संबंधी प्रकरण शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना, पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाना, नागरिकों को न्याय दिलाना तथा पुलिस प्रशासन में विश्वास बनाए रखना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम में नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें जिले भर से आए नागरिक अपनी समस्याओं का प्रत्यक्ष निराकरण पा सकते हैं।